## राजस्थान सरकार
### स्वायत्त शासन विभाग जयपुर

(जी.3, राजमहल रेजीडेन्शियल एरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम, सी–स्कीम जयपुर–302015)
टेलीफैक्स.0141–2222805, ईमेल–**dlbrajasthan@gmail.com** वेबसाईट **www.lsg.urban.rajasthan.gov.in**


क्रमांकः– एफ.55(अधि.सीई/डीएलबी/2018/28106–28337 दिनांक :– 10/4/2018

1. जिला कलक्टर,
   समस्त राजस्थान।
2. उप निदेशक (क्षेत्रीय),
   स्थानीय निकाय विभाग,
   समस्त राजस्थान।
3. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
   समस्त नगरनिगम/परिषद्/पालिका,
   राजस्थान।

विषय :– दिनांक 14.04.2018 को अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर अम्बेडकर भवनों के शिलान्यास/ भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित करने बाबत।

माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा वर्ष 2018–19 की बजट घोषणा RUIRP-II में नगरीय निकाय क्षेत्रों में अम्बेडकर भवनों के निर्माण, श्मशानों एवं कब्रिस्तानों के विकास तथा सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण कार्य करवाये जाने की घोषणा की गई है।

उपरोक्त प्रस्तावित कार्यों की विभाग द्वारा निर्धारित टाईम लाईन के अनुसार नगर निकाय स्तर पर निविदा प्रकिया पूर्ण करते हुये कार्यादेश जारी करने हेतु आपको विस्तृत दिशा–निर्देश भी पत्रांक 19138–361 दिनांक 16.03.2018 द्वारा दिये जा चुके हैं।

पूर्व में विभागीय आदेश कमांक 21272–469 दिनांक 23.03.2018, 21986–22018 दिनांक 24.03.2018 एवं 24872–25063 दिनांक 03.04.2018 द्वारा उपरोक्त तीनों कार्यों का शिलान्यास/भूमि पूजन दिनांक 14.04.2018 को अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में कराये जाने के निर्देश दिये गये थे परन्तु कतिपय नगरीय निकायों ने यह अवगत कराया है कि उन्हें एक साथ सभी कार्यों की निविदा प्रकिया पूर्ण करने एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित करने में कठिनाई आ रही है इसलिए **राज्य सरकार के स्तर पर यह निर्णय लिया गया है कि आगामी दिनांक 14.04.2018 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर केवल अम्बेडकर भवनों का शिलान्यास/भूमि पूजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों (माननीय सांसद, जिला प्रभारी मंत्री, विधायक, महापौर/सभापति/अध्यक्ष एवं निकाय के जनप्रतिनिधिगण आदि) की उपस्थिति में आयोजित किया जावे।** यदि किसी कारणवश अम्बेडकर भवन से संबंधित निविदा प्रकिया दिनांक 14.04.2018 तक पूर्ण नहीं हो पाती है तो उस स्थिति में भी निकाय स्तर पर ही अम्बेडकर भवन का शिलान्यास/ भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें तथा शिलान्यास/ भूमि पूजन कार्यक्रम की सूचना मय फोटोग्राफ संलग्न प्रपत्र में दिनांक 14.04.2018 को सांय 5.00 बजे तक ई–मेल

आई.डी. cedlbjp@gmail.com एवं dlbrajasthan@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

अम्बेडकर भवन निर्माण के साथ–साथ निम्नानुसार कार्यवाही भी की जावे :–

1. अम्बेडकर भवन परिसर में जनसहयोग से डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति भी स्थापित कराई जा सकती है। मूर्ति के प्लेटफॉर्म निर्माण की राशि एम.एल.ए या एम.पी. लैड फण्ड से ली जा सकती है।
2. बाबा साहब की मूर्ति लगाने के लिये स्थानीय स्तर पर संस्था/समिति का गठन करते हुये जन सहयोग से राशि एकत्रित कर निधि/फण्ड का गठन किया जावे जिससे लोगों का भावनात्मक जुडाव हो सके। मूर्ति स्थापना हेतु जन सहयोग की राशि कम पडने पर एम.एल.ए या एम.पी. लैड फण्ड से भी राशि ली जा सकती है।
3. मूर्ति स्थापना अम्बेडकर भवन के लोकार्पण कार्यकम के समय की जा सकती है। मूर्ति स्थापना/ अम्बेडकर भवन लोकार्पण समारोह में मूर्ति के निर्माण में सहयोग करने वाली संस्था/समिति व व्यक्तियों को आमंत्रित किया जावे एवं उन्हें सहयोग करने के लिए सम्मानित किया जावे।

आधुनिक शौचालयों तथा शमशानों/कब्रिस्तानों के विकास कार्यों के शिलान्यास/भूमि पूजन के संबंध में तिथि निर्धारित की जाकर आपको शीघ्र ही सूचित किया जावेगा।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

Sd
(मुकेश कुमार शर्मा)
अतिरिक्त मुख्य सचिव

क्रमांकः– एफ.55( )अभि/सीई/डीएलबी/2018/28338-28569 दिनांक :– 10/4/2018

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार।
2. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, नगरीय विकास व स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान।
4. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद्/पालिकायें, समस्त राजस्थान।
5. सम्भागीय आयुक्त, समस्त राजस्थान।
6. मुख्य अभियंता/मुख्य लेखाधिकारी/परियोजना निदेशक/अतिरिक्त निदेशक, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियंता/अधिशाषी अभियंता/समस्त नगरीय निकाय।
8. प्रोग्रामर, निदेशालय विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं ई–मेल करने हेतु।
9. सुरक्षित पत्रावली।

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

# अम्बेडकर भवन की भूमि पूजन/शिलान्यास की सूचना

उक्त सूचना मय फोटोग्राफ दिनांक 14.04.2018 सायं 5.00 बजे तक निम्न तालिकाओं में ईमेल आई.डी **cedlbjp@gmail.com** एवं **dlbrajasthan@gmail.com** पर भिजवाई जानी है।

| क्र. सं. | जिले के नाम | शिलान्यास करने वाली नगरीय निकायों का नाम | शिलान्यास स्थल का नाम | शिलान्यास करने वाले जन प्रतिनिधी का नाम व पद | शिलान्यास नहीं करने वाली नगरीय निकायों का नाम | शिलान्यास नहीं होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |